# संपादकीय

## सुनें तार्किक विरोध

भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती रही है कि यहां हर अलग राय व असहमति को सम्मान मिला है। निश्चय ही यह दृष्टि लोकतंत्र को मजबूत ही करती है। जब हम कहते हैं कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है तो प्रतिरोध की आवाज को सुनने के लिये नीति-नियंताओं को बड़ा दिल भी दिखाना चाहिए। एक बार फिर इस भावना की परीक्षा तब हो रही है, जब हमारे देश में लाखों बच्चों का भविष्य तय करने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर सवाल उठे हैं। परीक्षा प्रणाली की शुचिता बनाये रखने के लिये शिक्षाविद् और इनोवेटर सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल एक अहम मोड़ पर पहुंच गई है। उनकी बिगड़ती सेहत को लेकर देश में चिंता है। उनका वजन काफी कम हुआ है, रक्त शर्करा कम हुई है और कमजोरी आने की बात कही जा रही है। निश्चित रूप से राजनीतिक प्रतिबद्धताओं से हटकर उनकी खराब होती सेहत हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। निश्चय ही वांगचुक किसी राजनीतिक दल से संबंध नहीं रखते और न ही वे यह आंदोलन किसी निजी लाभ के लिये कर रहे हैं। वे भले ही छात्रों के भविष्य के मुद्दे को लेकर अस्तित्व में आई- 'कॉकरोच जनता पार्टी' के समर्थन में खड़े हुए हों, लेकिन उनकी चिंता के केंद्र में उन लाखों छात्रों का भविष्य है, जो प्रतियोगिता परीक्षाओं के तौर-तरीकों को लेकर अविश्वास जता रहे हैं। उनके आंदोलन के मूल में उन लाखों अभिभावकों की फिक्र है, जिनका भरोसा बार-बार पेपर लीक और परीक्षा प्रक्रियाओं में अनियमितताओं को लेकर डगमगा रहा है। कहना मुश्किल है कि लगाया जा रहा हर आरोप सही ही हो, लेकिन एक बात से तो इनकार नहीं किया जा सकता कि देश की कई महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षाओं में लोगों का विश्वास कम हुआ है। ऐसे में देश के नीति-नियंताओं को पारदर्शी सुधार लाकर और बेहतर जवाबदेही के माध्यम से दरके हुए विश्वास को जल्द बहाल करने की जरूरत है। निर्विवाद रूप से ये लोकतंत्र का तकाजा भी है कि सत्ताधीशों को किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में उन नागरिकों की बात को भी सुनना चाहिए, जो नीतियों की विसंगतियों को लेकर सवाल उठा रहे हों। यह जानते हुए कि उनकी राजनीतिक दल विशेष से कोई प्रतिबद्धता नहीं है। निस्संदेह, देश में कोई भी सरकार जनता के अभिभावक के रूप में होती है। वैसे भी किसी शांतिपूर्ण विरोध की लंबे समय तक अनदेखी से आंदोलनकारियों और आम लोगों में सरकार के प्रति अविश्वास बढ़ता है। निस्संदेह, यदि आंदोलनकारियों से बातचीत की पहल होती है तो इसको उसकी कमजोरी नहीं कहा जाएगा। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भूख हड़ताल के नैतिक और चिकित्सीय पहलू भी होते हैं। सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह आंदोलन कर रहे व्यक्ति की अभिव्यक्ति की आजादी का सम्मान करते हुए उसके जीवन की रक्षा करे। वहीं दूसरी ओर किसी भी चिकित्सीय हस्तक्षेप के दौरान कानून और चिकित्सा-संबंधी नैतिक नियमों का पालन किया जाना भी जरूरी है। इस बात में दो राय नहीं है कि मौजूदा गतिरोध से किसी का भी भला नहीं हो सकता। सही मायने में बातचीत की शुरुआत करने के लिये सरकार को हर मांग को पूरा करने की जरूरत भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर आंदोलनकारियों को भी बातचीत को सार्थक बनाने के लिये प्रयासरत रहने की जरूरत है। ऐसे में समस्या के समाधान के लिये एक भरोसेमंद समिति और चिंताओं से जुड़े मुद्दों पर विचार करने के लिये एक तय समय-सीमा वाला रोडमैप, भरोसे की कमी को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है। सही मायने में इस आंदोलन के मानवीय पक्ष पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। यानी सरकार समझने की कोशिश करे कि इस आंदोलन के जन्म लेने के पीछे क्या भावनाएं काम कर रही थी। साथ ही सरकार को शांतिपूर्ण विरोध के मूलभूत लोकतांत्रिक अधिकार का सम्मान करना चाहिए। निश्चित रूप से बातचीत के लिये किया गया कोई ईमानदार प्रयास गतिरोध को दूर करने में सहायक साबित हो सकता है। साथ ही इस बात की संवेदनशीलता का ध्यान रखना भी जरूरी है कि शासन की शिथिलता व उदासीनता की कीमत सोनम वांगचुक की सेहत को न चुकानी पड़े।




**मेष** -आज परिवार और घरेलू विषयों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेने की स्थिति बन सकती है। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलने से व्यस्तता बढ़ेगी, लेकिन आपकी लगन और परिश्रम का उचित परिणाम भी प्राप्त होगा। नौकरी करने वालों को वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। व्यापार से जुड़े लोगों को किसी भी बड़े आर्थिक निर्णय से पहले सभी पहलुओं पर विचार करना लाभकारी रहेगा। पारिवारिक वातावरण सामान्य बना रहेगा।

**वृषभ**-आज आपकी अभिव्यक्ति क्षमता प्रभावशाली रहेगी, जिससे नए लोगों से परिचय और उपयोगी संबंध स्थापित हो सकते हैं। नौकरी में नए अवसर मिलने की संभावना है। यदि आपका कोई धन लंबे समय से अटका हुआ है तो उसके मिलने की उम्मीद बढ़ सकती है। भाई-बहनों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी यात्रा की योजना बन सकती है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा और दिन संतुलित ढंग से बीतेगा।

**मिथुन**-आर्थिक मामलों में आज सकारात्मक संकेत मिल सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होने की संभावना है। नौकरी में अतिरिक्त दायित्व या आय में वृद्धि से जुड़ी कोई अच्छी सूचना मिल सकती है। व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के सदस्यों के साथ संबंध मधुर बने रहेंगे। खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखना आपके लिए लाभकारी रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है।

**कर्क**-सूर्य का आपकी राशि में प्रवेश आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को मजबूत करेगा। लंबे समय से रुके हुए कार्य गति पकड़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में नई शुरुआत या महत्वपूर्ण अवसर मिलने की संभावना है। व्यापार विस्तार की योजनाएं आगे बढ़ सकती हैं। वैवाहिक जीवन में सामंजस्य बना रहेगा। स्वास्थ्य पहले की तुलना में बेहतर महसूस होगा और उत्साह में वृद्धि होगी।

**सिंह**-आज का दिन भविष्य की योजनाओं पर गंभीरता से विचार करने का अवसर देगा। कार्यक्षेत्र में धैर्य और संयम बनाए रखना आवश्यक रहेगा। अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए आर्थिक मामलों में सतर्कता रखें। दूर स्थानों से जुड़े कार्यों में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। परिवार का सहयोग आपके आत्मविश्वास को मजबूत करेगा। मानसिक शांति बनाए रखने का प्रयास करें।

**कन्या**-आय में वृद्धि और सामाजिक सम्मान मिलने के संकेत दिखाई दे रहे हैं। मित्रों के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो सकता है। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। व्यापार में लाभ के अच्छे अवसर सामने आ सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा और पारिवारिक संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**तुला** -कार्यक्षेत्र में नई संभावनाएं आपके सामने आ सकती हैं। अधिकारी आपके कार्य की सराहना कर सकते हैं, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यापार में नए समझौते या नए कार्य मिलने की संभावना है। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। दिनचर्या को व्यवस्थित रखने से पूरे दिन ऊर्जा बनी रहेगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों को भी समय देना आवश्यक रहेगा।

**वृश्चिक**-आज भाग्य का अच्छा साथ मिल सकता है। शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और धार्मिक गतिविधियों से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने की चर्चा हो सकती है। व्यापार में दूरस्थ क्षेत्रों से जुड़े कार्य लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। परिवार के साथ यात्रा की संभावना भी बन सकती है। स्वास्थ्य सामान्य से बेहतर रहेगा।

**धनु** -आर्थिक मामलों में आज विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। किसी भी प्रकार का निवेश सोच-विचार करके करना उचित रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के अवसर सामने आ सकते हैं। व्यापार में साझेदारी से लाभ मिलने की संभावना है। जीवनसाथी का सहयोग आपको महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायता करेगा। स्वास्थ्य संबंधी छोटी परेशानियों को अनदेखा करने से बचें।

**मकर**-आज साझेदारी और वैवाहिक जीवन से जुड़े मामलों में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। जीवनसाथी के साथ संबंधों में मजबूती आएगी। व्यापार में नए समझौते लाभदायक साबित हो सकते हैं। नौकरी में सामूहिक प्रयासों से अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। परिवार का सहयोग बना रहेगा।

# सुशासन की सबसे बड़ी परीक्षा

भ्रष्टाचार पर चर्चा प्राय: किसी घोटाले, आरोप या राजनीतिक विवाद के समय तेज़ हो जाती है, किंतु सुशासन का वास्तविक मूल्यांकन उन क्षणों में नहीं होता जब समाचार सुर्खियाँ बनते हैं, बल्कि तब होता है जब सामान्य नागरिक बिना किसी भय, सिफारिश या अतिरिक्त बोझ के अपने अधिकार प्राप्त कर सके। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता इस बात से तय होती है कि उसकी संस्थाएँ नियमों से संचालित होती हैं या व्यक्तियों की इच्छा से। यही कारण है कि भ्रष्टाचार को केवल आर्थिक अपराध मानना पर्याप्त नहीं है। यह शासन व्यवस्था की गुणवत्ता, संस्थागत संस्कृति, सार्वजनिक नैतिकता और नागरिक विश्वास का भी प्रश्न है। आधुनिक समय में भ्रष्टाचार का स्वरूप पहले की तुलना में अधिक जटिल हो चुका है। पहले इसे मुख्यत: रिश्वत, कमीशन या सरकारी धन के दुरुपयोग तक सीमित माना जाता था, जबकि आज इसके अनेक रूप दिखाई देते हैं। नीतिगत पक्षपात, नियामकीय प्रभाव, हितों का टकराव, अपारदर्शी राजनीतिक वित्तपोषण, सार्वजनिक खरीद में अनियमितता, डिजिटल मंचों पर डेटा का दुरुपयोग और प्रभावशाली समूहों द्वारा नीति निर्माण को प्रभावित करने के प्रयास भी इसी व्यापक परिघटना का हिस्सा हैं। इसलिए भ्रष्टाचार की चर्चा केवल आपराधिक कार्रवाई तक सीमित रखने के बजाय प्रशासनिक सुधार, संस्थागत जवाबदेही और पारदर्शी निर्णय प्रक्रिया से जोड़ना आवश्यक है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के 2025 के करप्शन परसेप्शन इंडेक्स ने एक बार फिर संकेत दिया कि विश्व के अधिकांश देशों में सार्वजनिक क्षेत्र की पारदर्शिता अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुँच सकी है। रिपोर्ट में वैश्विक औसत स्कोर में गिरावट तथा अनेक लोकतांत्रिक देशों में भी संस्थागत चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है। यह निष्कर्ष स्पष्ट करता है कि केवल आर्थिक विकास भ्रष्टाचार को स्वत: समाप्त नहीं करता। यदि स्वतंत्र निगरानी संस्थाएँ, निष्पक्ष जांच व्यवस्था, प्रभावी न्यायिक प्रक्रिया और जवाबदेह प्रशासन समान गति से विकसित न हों, तो आर्थिक प्रगति भी सीमित प्रभाव छोड़ती है। डिजिटल शासन को भ्रष्टाचार कम करने का प्रभावी माध्यम माना गया है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, ऑनलाइन भुगतान, ई-टेंडरिंग, डिजिटल रिकॉर्ड, भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण और सेवा वितरण की ऑनलाइन व्यवस्था ने अनेक स्तरों पर मानवीय हस्तक्षेप कम किया है। इससे पारदर्शिता बढ़ी है और कई प्रक्रियाएँ पहले की तुलना में सरल हुई हैं। किंतु यह मान लेना उचित नहीं होगा कि तकनीक स्वयं भ्रष्टाचार समाप्त कर देती है। यदि डिजिटल प्रणाली का ऑडिट, साइबर सुरक्षा, डेटा संरक्षण और स्वतंत्र निगरानी कमजोर रहे तो अनियमितताओं का स्वरूप केवल बदल जाता है, समाप्त नहीं होता। भ्रष्टाचार का सबसे गंभीर प्रभाव आर्थिक असमानता पर पड़ता है। जब संसाधनों का वितरण योग्यता के बजाय प्रभाव के आधार पर होने लगे, तब प्रतिस्पर्धा कमजोर पड़ती है। ईमानदार उद्यमियों का विश्वास घटता है, निवेश की गुणवत्ता प्रभावित होती है और नवाचार की गति धीमी हो जाती है। इसका प्रत्यक्ष असर रोजगार, उत्पादकता और कर संग्रह पर दिखाई देता है। अंतत: इसकी कीमत वही नागरिक चुकाता है जिसका शासन व्यवस्था में सबसे कम प्रभाव होता है। राजनीतिक वित्तपोषण का प्रश्न भी इस विमर्श का महत्वपूर्ण भाग है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव अत्यंत आवश्यक हैं, किंतु चुनावी प्रक्रिया जितनी महंगी होती जाएगी, उतनी ही पारदर्शिता की आवश्यकता भी बढ़ेगी। चुनावी चंदे, व्यय, प्रचार और वित्तीय स्रोतों के संबंध में स्पष्ट नियम, स्वतंत्र लेखा परीक्षण और समयबद्ध सार्वजनिक प्रकटीकरण लोकतांत्रिक विश्वास को मजबूत करते हैं। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा स्वस्थ तभी मानी जाएगी जब वित्तीय पारदर्शिता सभी पक्षों पर समान रूप से लागू हो। समान रूप से महत्वपूर्ण विषय नियामकीय संस्थाओं की स्वतंत्रता है। जब किसी संस्था पर अत्यधिक राजनीतिक, आर्थिक या प्रशासनिक प्रभाव पड़ने लगे, तब उसका निर्णय सार्वजनिक हित के बजाय विशेष हितों की ओर झुक सकता है। इसलिए नियामक संस्थाओं की नियुक्ति प्रक्रिया, कार्यकाल, वित्तीय स्वायत्तता और जवाबदेही का संतुलित ढाँचा लोकतांत्रिक शासन की आधारशिला माना जाना चाहिए। केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका निष्पक्ष क्रियान्वयन अधिक महत्वपूर्ण है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष में न्यायपालिका की दक्षता भी निर्णायक भूमिका निभाती है। यदि जांच वर्षों तक लंबित रहे, मुकदमे अनिश्चितकाल तक चलते रहें या दोषसिद्धि की प्रक्रिया अत्यधिक धीमी हो, तो कानून का निवारक प्रभाव कमजोर पड़ जाता है। समयबद्ध जांच, आधुनिक फोरेंसिक क्षमता, डिजिटल साक्ष्य प्रबंधन और न्यायालयों में तकनीकी संसाधनों का विस्तार इस दिशा में आवश्यक सुधार हैं। न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि समय पर होता हुआ दिखाई भी देना चाहिए। लोकतंत्र में स्वतंत्र मीडिया और सक्रिय नागरिक समाज की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। खोजी पत्रकारिता, सूचना के अधिकार का प्रभावी उपयोग, सामाजिक लेखा परीक्षा और जनभागीदारी प्रशासनिक जवाबदेही को मजबूत करते हैं। साथ ही मीडिया की विश्वसनीयता भी तथ्यपरकता, स्रोतों की पुष्टि और संतुलित प्रस्तुति पर निर्भर करती है। सूचना की गति जितनी बढ़ी है, उतनी ही जिम्मेदारी सत्यापन की भी बढ़ी है। शिक्षा व्यवस्था में नैतिक प्रशासन और सार्वजनिक उत्तरदायित्व को अधिक महत्व दिए जाने की आवश्यकता है। भ्रष्टाचार केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक व्यवहार का भी प्रश्न है। यदि नई पीढ़ी यह मानने लगे कि नियमों का उल्लंघन सफलता का सामान्य साधन है, तो कोई भी कानूनी व्यवस्था पर्याप्त सिद्ध नहीं होगी। विद्यालयों, विश्वविद्यालयों और प्रशिक्षण संस्थानों में ईमानदारी, सार्वजनिक संसाधनों के सम्मान और संवैधानिक मूल्यों पर आधारित नागरिक शिक्षा को व्यवहारिक रूप में विकसित करना समय की आवश्यकता है। व्हिसलब्लोअर संरक्षण भी सुधार का एक महत्वपूर्ण आयाम है। अनेक मामलों में अनियमितताओं की जानकारी सबसे पहले संस्थानों के भीतर कार्यरत लोगों को होती है, किंतु पर्याप्त सुरक्षा के अभाव में वे सामने आने से हिचकते हैं। प्रभावी कानूनी संरक्षण, गोपनीय शिकायत व्यवस्था और प्रतिशोध से सुरक्षा किसी भी पारदर्शी शासन प्रणाली के लिए अनिवार्य है। इससे संस्थागत सुधार भीतर से प्रारंभ होते हैं और अनियमितताओं का समय रहते पता लगाया जा सकता है। सार्वजनिक खरीद प्रणाली में खुली प्रतिस्पर्धा, डिजिटल निगरानी, स्वतंत्र ऑडिट और अनुबंधों का सार्वजनिक प्रकटीकरण भी भ्रष्टाचार नियंत्रण के प्रभावी साधन हैं। विश्व बैंक, ओईसीडी तथा संयुक्त राष्ट्र से जुड़े अनेक अध्ययन यह संकेत देते हैं कि प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी खरीद व्यवस्था सार्वजनिक व्यय की गुणवत्ता बढ़ाती है तथा संसाधनों के दुरुपयोग की संभावना घटाती है। इसलिए सरकारी व्यय की प्रत्येक महत्वपूर्ण प्रक्रिया नागरिकों के लिए अधिकाधिक पारदर्शी बनाई जानी चाहिए। यह भी समझना होगा कि भ्रष्टाचार का समाधान केवल कठोर दंड से संभव नहीं है। दंड आवश्यक है, किंतु उससे पहले ऐसी प्रशासनिक संरचना विकसित करनी होगी जिसमें विवेकाधीन शक्तियाँ सीमित हों, प्रक्रियाएँ सरल हों, सेवा वितरण समयबद्ध हो और निर्णयों का डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रहे। जितनी कम अनावश्यक जटिलता होगी, उतने ही कम अवसर अनियमितताओं के लिए बचेंगे। अंतत: किसी भी लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी संस्थाओं पर जनता का विश्वास होता है। यह विश्वास भाषणों या अभियानों से नहीं, बल्कि निष्पक्ष प्रशासन, पारदर्शी नीति निर्माण, समान कानून, प्रभावी निगरानी और समयबद्ध न्याय से निर्मित होता है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध वास्तविक सफलता तभी संभव है जब सरकार, न्यायपालिका, मीडिया, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज अपनी-अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें। सुशासन कोई एक बार प्राप्त होने वाली उपलब्धि नहीं, बल्कि निरंतर आत्मसमीक्षा, संस्थागत सुधार और सार्वजनिक उत्तरदायित्व की सतत प्रक्रिया है। यही प्रक्रिया लोकतंत्र टैक्स केवल चुनावों तक सीमित नहीं रहने देती, बल्कि उसे नागरिक विश्वास, समान अवसर और न्यायपूर्ण विकास की स्थायी आधारशिला में परिवर्तित करती है।

**अवनीश कुमार गुप्ता**

# चीनी मठ-मंदिरों पर भी हेराफेरी की कालिख


ब्रूस ली की फ़िल्म 'एंटर द ड्रैगन' में शाओलिन मंदिर के शुरुआती दृश्यों की शूटिंग चीन में नहीं, बल्कि हांगकांग के थुएन मुन स्थित चिंग चुंग कून और कैसल पीक मठ में हुई थी। लेकिन, तब शाओलिन टैम्पल का अक्स दिलो-दिमाग़ में बैठा हुआ था। उसे देखना एक सपना था, जो 2019 में पेइचिंग कुछ हफ्ते ठहरने पर साकार हुआ। पेइचिंग से शाओलिन मंदिर की दूरी लगभग 773 किलोमीटर है। झेंगझोऊ तक बुलेट ट्रेन, फिर मंदिर तक जाने के लिए टैक्सी की ज़रूरत पड़ गई। इस जगह को 'मार्शल आर्ट का मक्का' मानिये। शाओलिन मंदिर चीन के हेनान प्रांत स्थित प्रसिद्ध बौद्ध मठ है। इसे 495 ईस्वी में बनाया गया था। यह ज़ेन बौद्ध धर्म का जन्मस्थान और मार्शल आर्ट (कुंग फू) का उद्गम स्थल है। सात साल पहले शाओलिन टैम्पल की दरो-दीवार को देखकर लगा नहीं था, कि यह भ्रष्टाचार का भी अड्डा रहा है। सरकारी समाचार एजेंसी




शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, डेढ़ महीना पहले दुनियाभर में मशहूर शाओलिन मंदिर के पूर्व प्रमुख शी योंगशिन को गबन और रिश्वत लेने जैसे अपराधों के लिए 24 साल जेल की सज़ा सुनाई गई है। शी पर 35 लाख युआन का जुर्माना भी लगाया गया। चीन के मध्य हेनान प्रांत की शिनक्सियांग इंटरमीडिएट पीपल्स कोर्ट ने पाया कि शी (जिनका असली नाम लियू यिंगचेंग है) ने 2003 और 2025 के बीच 131 मिलियन युआन से ज़्यादा का गबन किया था।कई दशकों तक, शी ने शाओलिन मंदिर के प्रमुख और शाओलिन चैरिटी एंड वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष के तौर पर काम किया। जांच में पाया गया कि उन्होंने 2012 और 2022 के बीच 151 मिलियन युआन अपने निजी इस्तेमाल के लिए लिए थे, और 2006 से मंदिर के निर्माण और उससे जुड़े कामकाज के कॉन्ट्रैक्ट दिलाने में मदद करने के बदले कुल 11.63 मिलियन युआन की रिश्वत ली थी। कोर्ट की घोषणा के अनुसार, शी पर 1995 और 2022 के बीच 'गलत फ़ायदे' पाने के लिए अधिकारियों को 5.67 मिलियन युआन से ज़्यादा की रिश्वत देने का भी आरोप है।चीन के मशहूर बौद्ध मठ शाओलिन मंदिर के प्रमुख के ख़िलाफ़ आपराधिक जांच में कहा गया है कि उनके कामों में गबन, फ़ंड का गलत इस्तेमाल, रिश्वत लेना और देना जैसे संगीन अपराध शामिल थे, और इन सभी में 'बहुत बड़ी रकम' शामिल थी। शी पर आरोप था कि उन्होंने 'कई महिलाओं के साथ लंबे समय तक गलत संबंध बनाए, और नाजायज़ बच्चों के पिता बने।' पिछले साल जुलाई में सरकार की संयुक्त जांच के बाद उन्हें वाइस-चेयरपर्सन पद से हटा दिया गया था। उसी महीने, चीन के बौद्ध संघ ने शी योंगशिन की बौद्ध मान्यता रद्द कर दी, और उन पर 'बौद्ध समुदाय की प्रतिष्ठा और भिक्षुओं की छवि को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाने' का आरोप लगाया। उनसे जुड़ी कंपनियों का रजिस्ट्रेशन भी रद्द कर दिया गया। जांच के बाद, स्थानीय अधिकारियों ने नवंबर, 2025 में कई आपराधिक आरोपों में उनकी गिरफ़्तारी को मंज़ूरी देने की घोषणा की। शी ने अपना अपराध माना, और पछतावा व्यक्त किया। 29 मई, 2026 को कोर्ट ने यह भी जानकारी दी, कि शी ने कोई अपील नहीं की। चीन में 1960 और 1970 के दशक की सांस्कृतिक क्रांति में अनगिनत धार्मिक जगहें तबाह हो गईं। मठों से उनकी संपत्ति छीन ली गई थी। लेकिन, जैसे ही 1980 के दशक में चीन में आर्थिक सुधार और खुलेपन का दौर शुरू हुआ, मंदिर फिर से चलन में आ गए. कई लोग अपना गुज़ारा करने के लिए टैम्पल टूरिज़्म की तरफ़ मुड़ गए।

# हरित ऊर्जा-पर्यावरण में हरा-भरा भविष्य

तेजी से हो रहा जलवायु परिवर्तन, पूरी धरती पर बढ़ता प्रदूषण और ऊर्जा का गहराता संकट, इंसान को प्राकृतिक संसाधनों के साथ बर्ताव के नये मॉडल पर सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। क्योंकि दुनिया के प्राकृतिक संसाधन तेजी से खत्म हो रहे हैं। इसलिए भविष्य का आर्थिक विकास केवल उद्योगों के विस्तार तक ही सीमित नहीं बल्कि यह विकास पर्यावरण के अनुकूल भी होना जरूरी है। वास्तव में पर्यावरण विज्ञान और ग्रीन एनर्जी इसीलिए 2026-27 में भी महत्वपूर्ण कैरियर के रूप में मौजूद है और 2035-36 में भी इसकी यही स्थिति होगी। भारत ने 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य घोषित कर रखा है। इसलिए सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वाहन, ऊर्जा दक्षता, कचरा प्रबंधन और कार्बन उत्सर्जन में कमी जैसे क्षेत्रों में भारी निवेश हो रहा है। जाहिर है इन परियोजनाओं के व्यावहारिक आकार लेने के लिए लाखों प्रशिक्षित विशेषज्ञों की जरूरत होगी। इसलिए पर्यावरण विज्ञान और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में आज के साथ कल भी कैरियर का भविष्य चमकदार है।पर्यावरण विज्ञान एक बहुविषयक विषय है। इसमें जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगोल, जलवायु विज्ञान, भू-विज्ञान और इंजीनियरिंग का समन्वय होता है। इसका उद्देश्य पर्यावरणीय समस्याओं को समझना और उनके वैज्ञानिक समाधान विकसित करना है। दूसरी ओर ग्रीन एनर्जी का संबंध ऐसे स्रोतों से है, जो प्रदूषण को कम करते हैं और प्रकृति पर न्यूनतम दुष्प्रभाव डालते हैं। इनमें प्रमुख हैं- सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जलविद्युत, बायो एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, बैटरी स्टोरेज और स्मार्ट ग्रिड तकनीक।भारत तेजी से अक्षय ऊर्जा यानी रिन्यूएबल एनर्जी की ओर बढ़ रहा देश है।




बड़े सोलर पार्क, ऑफशोर विंड प्रोजेक्ट, ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और स्मार्ट शहरों जैसी योजनाओं ने इस क्षेत्र में रोजगार की नई से नई संभावनाएं पैदा कर दी हैं। साथ ही अब लगभग हर बड़ी कंपनी ईएसजी मानकों और सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग पर काम कर रही है। इससे पर्यावरण विशेषज्ञों, कार्बन विश्लेषकों और ऊर्जा प्रबंधन विशेषज्ञों की मांग लगातार बढ़ रही है। इस क्षेत्र में विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रबंधन तीनों ही पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों के लिए अवसर हैं। इस क्षेत्र में मुख्य कैरियर विकल्प इस प्रकार से हैं- पर्यावरण वैज्ञानिक, पर्यावरण इंजीनियर, सस्टेनेबिलिटी कंसल्टेंट, कार्बन फुटप्रिंट विश्लेषक, ईएसजी विशेषज्ञ, सौर ऊर्जा अभियंता, पवन ऊर्जा विशेषज्ञ, ग्रीन हाइड्रोजन इंजीनियर, ऊर्जा ऑडिटर जन संसाधन विशेषज्ञ, जलवायु परिवर्तन विश्लेषक, प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी, कचरा प्रबंधन विशेषज्ञ, वन एवं जैव विविधता विशेषज्ञ।12वीं के बाद- बीटेक एनर्जी इंजीनियरिंग, बीटेक एन्वार्यनमेंटल इंजीनियरिंग, बीएससी एन्वार्यनमेंटल साइंस, बीएससी फॉरेस्ट्री, बीएससी क्लाइमेट साइंस, बीटेक रिन्यूएबल एनर्जी। बीए के बाद- एमटेक रिन्यूएबल एनर्जी, एमएससी एन्वार्यनमेंटल साइंस, एमएससी क्लाइमेट चेंज, एमटेक एनर्जी सिस्टम, एमबीए इन सिस्टेनेबिलिटी मैनेजमेंट और पीएचडी इन एन्वायरनमेंटल साइंस। प्रमुख परीक्षाएं- जेईई मेन, जेईई एडवांस्ड, सीयूईडी, जीएटीई, आईआईटी-जेएएम, सीएसआईआर-यूजीसी एनईटी और यूजीसी-एनईटी। आईआईटी दिल्ली, आईआईटी मुंबई, आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी रुड़की, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु, जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी, दिल्ली, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेस्ट मैनेजमेंट, देहरादून, टेरी स्कूल ऑफ एडवांस स्टडीज, दिल्ली, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (देशभर में 31 संस्थान)। भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड्स, सोलर एनर्जी कार्पोरेशन ऑफ इंडिया, एनर्जी इफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड, इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी, नेशनल इंस्टीट्यूट

**वास्तव में पर्यावरण विज्ञान और ग्रीन एनर्जी इसीलिए 2026-27 में भी महत्वपूर्ण कैरियर के रूप में मौजूद है और 2035-36 में भी इसकी यही स्थिति होगी। भारत ने 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य घोषित कर रखा है। इसलिए सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वाहन, ऊर्जा दक्षता, कचरा प्रबंधन और कार्बन उत्सर्जन में कमी जैसे क्षेत्रों में भारी निवेश हो रहा है। जाहिर है इन परियोजनाओं के व्यावहारिक आकार लेने के लिए लाखों प्रशिक्षित विशेषज्ञों की जरूरत होगी। इसलिए पर्यावरण विज्ञान और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में आज के साथ कल भी कैरियर का भविष्य चमकदार है।पर्यावरण विज्ञान एक बहुविषयक विषय है। इसमें जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगोल, जलवायु विज्ञान, भू-विज्ञान और इंजीनियरिंग का समन्वय होता है। इसका उद्देश्य पर्यावरणीय समस्याओं को समझना और उनके वैज्ञानिक समाधान विकसित करना है। दूसरी ओर ग्रीन एनर्जी का संबंध ऐसे स्रोतों से है, जो प्रदूषण को कम करते हैं और प्रकृति पर न्यूनतम दुष्प्रभाव डालते हैं। इनमें प्रमुख हैं- सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जलविद्युत, बायो एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, बैटरी स्टोरेज और स्मार्ट ग्रिड तकनीक।भारत तेजी से अक्षय ऊर्जा यानी रिन्यूएबल एनर्जी की ओर बढ़ रहा देश है। बड़े सोलर पार्क, ऑफशोर विंड प्रोजेक्ट, ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और स्मार्ट शहरों जैसी योजनाओं ने इस क्षेत्र में रोजगार की नई से नई संभावनाएं पैदा कर दी हैं। साथ ही अब लगभग हर बड़ी कंपनी ईएसजी मानकों और सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग पर काम कर रही है। इससे पर्यावरण विशेषज्ञों, कार्बन विश्लेषकों और ऊर्जा प्रबंधन विशेषज्ञों की मांग लगातार बढ़ रही है।**

ऑफ सोलर एनर्जी, नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन, ऑयल एंड नेचुरल गैस कार्पोरेशन और निजी क्षेत्र में टाटा पॉवर रिन्यूएबल एनर्जी, अडानी ग्रीन एनर्जी, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, वारी एनर्जीस, सुजलोन एनर्जी, विक्रम सोलर, थर्मेक्स, सीमेंस आदि। फ्रेशर को 4 से 8 लाख रुपये सालाना, तीन से पांच वर्ष के अनुभव वाले के लिए 8 से 15 लाख रुपये सालाना और इससे ज्यादा अनुभव रखने वाले को 15 से 30 लाख रुपये सालाना के पैकेज मिल सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में इससे भी अच्छे वेतन की संभावनाएं रहती हैं। जहां तक इस क्षेत्र में जाने के लिए जरूरी कौशल की बात है तो केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है बल्कि आपको पर्यावरणीय कानूनों की भी समझ होनी चाहिये, जीआईएस एवं रिमोर्ट सेंसिंग की भी जानकारी हो। साथ ही कार्बन अकाउंटिंग और ईएसजी रिपोर्टिंग, ऊर्जा मॉडलिंग, डेटा विश्लेषण, ऑटो कैड तथा ऊर्जा सिमुलेशन, सॉफ्टवेयर, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, वैज्ञानिक रिपोर्ट लेखन के साथ-साथ संचार और टीम वर्क का भी अनुभव होना चाहिए।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, सम्पादक रवि कुमार अवस्थी , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, R.NI NO. UPHIN/2012/43078 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

